हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 05 जनवरी 2015, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण
www.livehindustan.com

बिमटेक के लाइब्रेरियन को मिला 'आउट स्टैंडिंग' अवार्ड

ग्रेटर नोएडा। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के लाइब्रेरियन ने आउट स्टैंडिंग अवॉर्ड जीतकर इंस्टीट्यूट का मान बढ़ाया है।

लाइब्रेरियन डॉ.ऋषि तिवारी के बेहतर कार्य के लिए अंतरराष्ट्रीय एसोसिएशन ऑफ इंडेन मैनेजमेंट स्कॉलर्स, आईएईएमएस ने उनको इस अवॉर्ड से नवाजा। यह संस्था मैनेजमेंट क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों की प्रतिभा को सम्मानित करती है। इस वर्ष का उत्कृष्ट अवार्ड लाइब्रेरियन डॉ. ऋषि कुमार ने अपने नाम किया। लाइब्रेरियन पिछले कई सालों से समाज सेवा क्षेत्र से जुड़े है। वह रंगनाथन सोसाइटी फॉर सोशल वेलफेयर एंड लाइब्रेरी डेवलपमेंट के सचिव भी है। लाइब्रेरियन की पहल से ही बिमटेक ने ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक सहयोग से कई गांवों में लाइब्रेरी का निर्माण किया है। इसे अलावा कैदियों की मानसिक सोच में बदलाव लाने के लिए लखनऊ, गाजियाबाद एवं गौतमबुद्ध नगर की जिला जेल में पुस्तकालयों की स्थापना की। जेल के सूत्रों की मानें, तो पुस्तकालय की स्थापना के बाद से कैदियों के व्यवहार में बदलाव आया है।